खबर का असर सारी दुनिया पर ...

# e खबर टुडे

www.ekhabartoday.com

## शुभ दीपावली



## दीपावली विशेषांक–2024

CamScanner


दीपोत्सव पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ
रतलाम शहर के बिल्कुल नजदीक, करमदी रोड जैन मंदिर के पास
सर्वसुविधायुक्त आवासीय कॉलोनी
रेरा पंजीयन क्रमांक P-RTM-24-5078
श्री डेवलपर्स
गोल्ड सिटी
Little Nap Recliners
* अण्डर ग्राउंड इलेक्ट्रिक लाइन
* अतिशीघ्र प्रस्तावित जैन मंदिर
* स्वीमिंग पुल, भव्य गार्डन
* कवर्ड जिम, टर्फ
* होम थिएटर इन क्लब हाउस
सोने सा खरा
कृपया करमदी साईट पर पधार कर सम्पर्क करें

CamScanner

खबर का असर सारी दुनिया पर ...

# e खबर टुडे

www.ekhabartoday.com

## दीपावली विशेषांक 2024

भीतर के पन्नों पर.....


| | |
|---|---|
| अपनी बात .... तुषार कोठारी | 03 |
| रोशनी का 'कुंभ मेला' .... प्रो.अज़हर हाशमी | 05 |
| श्री खण्ड कैलास की यात्रा.... तुषार कोठारी | 07 |
| अज्ञानता को ज्ञान के दीप से ....अमित राव पवार | 17 |
| सोशल साइट पर दिखावटी प्यार....वैदेही कोठारी | 19 |
| जिले के महत्वपूर्ण टेलीफोन नं. | 21 |



संपादकीय टीम....

संपादक – तुषार कोठारी
उपसंपादक – वैदेही कोठारी
मार्केटिंग – किशोर कुमावत
संवाददाता – विवेक राठौर ''राही''
विधि सलाहकार – एडवोकेट संतोष त्रिपाठी
विशेष सहयोग – उदित अग्रवाल, हरीश शर्मा,
आवरण पृष्ठ सज्जा – बाबा सत्यनारायण मौर्य
ग्राफिक्स – सतीश वर्मा 'पवनश्री' 9827270417



कार्यालय – 108, स्टेशन रोड़, रतलाम (म. प्र.) मो. – 94251-03793

tushar_rtm@yahoo.com / khabar@ekhabartoday.com

facebook.com/ekhabartoday ekhabartoday1



ई खबर टू डे के उपयोगकर्ताओं में निःशुल्क वितरण हेतु।





CamScanner

Nimantran Group

सपना आपका प्रयास हमारा
खुश-खुश - आनंद-आनंद

दीपावली एवं नववर्ष की शुभकामनाएँ

निमंत्रण बिल्डर्स
आपके लिए लाए हैं ...
एक नया अंदाज.....

बंजली-सैलाना रोड पर

श्री सिद्धी विनायक सिटी

❍ सर्व सुविधायुक्त ❍ पूर्णत: वैध ❍ शासकीय स्वीकृतियों और रेरा से एप्रूव्हड है।



94251-95141, 95895-99996

# अपनी बात

इ खबरटुडे का छठा दीपावली विशेषांक आपके हाथों में हैं। दीपावली खुशियों का त्यौहार तो है ही,बीते साल भर का लेखा जोखा जांचने का मौका भी है। बीते हुए साल में हमने क्या पाया और क्या खोया? हम कहां थे और कहां पंहुचे? साल भर में हमने प्रगति के कितने सोपान पार किए?

बीते हुए साल में जहां देश के आम चुनाव हुए वहीं जम्मू कश्मीर जैसे चुनौती भरे राज्य में दस सालों के बाद सफलतम शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हुए्। देश के मतदाताओं ने देश का नेतृत्व फिर से मोदी जी को सौंपा तो जम्मू कश्मीर के लोगों ने अपनी परम्परा को ही बनाए रखा। दीपावली के बिलकुल पास आने के समय चीन से लगती देश की सीमा से अच्छी खबरें भी सुनने को मिल गई।

चार सालों से भारत और चीन के बीच छाया हुआ तनाव खत्म होने के संकेत मिलने लगे। भारतीय सेना की मजबूती और राजनीतिक नेतृत्व की दृढता के कारण आखिरकार चीन को पीछे हटना पडा और चीन सीमा पर वर्ष 2020 से पहले की स्थिति कायम करने पर सहमत हो गया। चार सालों तक लगातार देश पर युद्ध का साया मण्डरा रहा था। कोई छोटी सी चिंगारी भी युद्ध की आग भडका सकती थी। लेकिन ये इतिहास में पहला मौका है,जब चीन जैसे विस्तारवादी देश को भारत के सख्त रवैये के चलते पीछे हटना पडा है।

देश में और भी कई सारे सुखद प्रसंग सामने आए हैं। ये दीपावली ऐसी पहली दीपावली है जब करोडों हिन्दुओं के आराध्य देव मर्यादापुरुषोत्तम श्री राम अपने जन्मस्थान में पूरी भव्यता के साथ विराजित है और लाखों रामभक्त प्रतिदिन रामलला के दर्शन करके अपने जीवन को धन्य कर रहे है। राम जन्मस्थान के साथ ही कृष्ण जन्मस्थान और काशी विश्वनाथ के मन्दिरों की मुक्ति का मार्ग भी तेजी से खुल रहा है और पूरी संभावना है कि अगली दीपावली तक कृष्ण जन्मस्थान और काशी विश्वनाथ भी मुक्त हो जाएंगे।

इधर इ खबरटुडे भी अपने पाठकों और उपयोगकर्ताओं तक त्वरित गति से विश्वसनीय समाचार पंहुचाने के दायित्व को निभाते हुए निरन्तर प्रगति के पथ पर चल रहा है। इ खबरटुडे के पाठकों की संख्या में निरन्तर वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सटीक और प्रामाणिक खबरों को पाठक ज्यादा पसन्द करते है। इ खबरटुडे के सोशल मीडीया प्लेटफार्म्स पर भी फालोअर्स की संख्या में जबर्दस्त वृद्धि हो रही है। फेसबुक,इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्म्स पर इ खबरटुडे की दमदार मौजूदगी है। इ खबरटुडे की खबरें देश की सीमाओं से परे विश्व के कई देशों में पढी जा रही है।

ये दीपावली देश को सफलता के नए कीर्तिमान गढने की क्षमता प्रदान करें्। देश के जन जन का जीवन आनन्दयमय हो। अपने सभी सहयोगी उपयोगकर्ताओं,विज्ञापनदाताओं और देश दुनिया में बसे अपने पाठकों को दीपावली और नववर्ष की अनेक शुभकामनाएं.....

आपका ही
तुषार कोठारी
संपादक– इ खबरटुडे



CamScanner

खबर का असर सारी दुनिया पर ...

**e खबर टुडे**

www.ekhabartoday.com

## की ओर से दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ

दीप हम जलायें अन्न-धान के। दीप हम जलायें तत्व ज्ञान के ।।
मन अवध में राम का प्रवेश हो, स्वागत में दीप स्वाभिमान के ।।
इस जगत में रामराज्य लायें हम।
दीप पर्व यूं मनायें हम ।।



बाबा सत्यनारायण मौर्य

## ।। भारतभक्ति संस्थान, मुंबई ।।

www.bharatbhakti.org

ई खबर टुडे
www.ekhabartoday.com



## रोशनी का 'कुंभ मेला'.....

दीपावली के पर्व में कुछ इस तरह बाती का बल –
दीप के सरोवर में जैसे खिल रहा कोई कमल !

तम का पर्वत दीप-ज्योति से सदा होता है ध्वस्त,
प्रेरणादायी है नन्हे-से दीये का आत्मबल !

गलते हुए इस दीप का यह दृश्य कुछ ऐसा लगा –
दीप रूपी 'कृषक' के कंधे पे बाती जैसे 'हल' !

दीप-ज्योति तम की सारी साज़िशें करती विफल,
'तमसोमा-ज्योतिर्गमय' का सत्य है बिल्कुल अटल !

जिनके घर-आँगन में न अब तक खुशी की रोशनी,
उनको हम बाँटें खुशी, दीपावली होगी सफल !

दीपकों में तेल, सन्तों के 'अखाड़े' की तरह,
रोशनी का 'कुंभ मेला' लग रहा है दीप-दल !

24.10.24

(हस्ताक्षर)
(अज़हर हाशमी)



CamScanner

दीपमालिका पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

# मेहरा नर्सिंग होम

***Complete Gynae, Laparoscopy Surgery Center***

**डॉ. अभी मेहरा**
M.S., F.M.A.S. (Laparoscopy Surgery)
F.A.M.S. (Urology) (Austria)

**डॉ. डॉली मेहरा**
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
M.S. (Obst. & Gynae)



**अपेन्डिक्स, बच्चेदानी, पथरी, पित्त की थैली, हार्निया अथवा अन्य**

**दूरबीन के किये जाने वाले ऑपरेशन के फायदे**

* बगैर चीरा-फाड़ी के * कम दर्द * समय की बचत * पैसे की बचत

* प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ * नार्मल डिलीवरी * सीजेरियन सेक्शन

* प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
* नार्मल डिलीवरी
* सीजेरियन सेक्शन



समस्त प्रकार की सर्जरी एवं डिलीवरी 24 घंटे सुविधा

63/64, काटजू नगर, बीएसएनएल ऑफिस के सामने, रतलाम (म.प्र.)
Ph. 07412-236663



CamScanner

# विष्णुजी ने मोहिनी अवतार लेकर जहां किया था भस्मासुर का वध, पंच कैलास में अत्यधिक दुर्गम श्रीखण्ड कैलास है वह स्थान

- तुषार कोठारी



पौराणिक कथा के अनुसार, भोले भण्डारी महादेव ने एक असुर को उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर वरदान दे दिया था कि वह जिस पर भी हाथ रखेगा,वह भस्म हो जाएगा। तभी से वह असुर भस्मासुर कहलाने लगा। शिवजी से वरदान पाकर उसने सबसे पहले शिवजी को ही भस्म करने की ठानी। कथा के अनुसार,भस्मासुर माता पार्वती पर मोहित हो गया था और इसीलिए वह महादेव को भस्म करना चाहता था। भस्मासुर से बचने के लिए शिवजी भागते भागते भगवान विष्णु के पास पंहुचे और उनसे मदद मांगी। तब भगवान विष्णु ने शिवजी को सहायता करने का वचन दिया।

इस बीच भस्मासुर शिवजी के पीछे ही पडा हुआ था। भस्मासुर से बचने के लिए शिवजी भागते हुए उस स्थान पर पंहुचे,जहां आज श्रीखण्ड कैलास स्थित है। महादेव स्वयं इस शिवलिंग में परिवर्तित हो गए। उधर शिवजी का पीछा कर रहे भस्मासुर के मार्ग में भगवान विष्णु मोहिनी रुप लेकर खडे हो गए। मोहिनी को देखकर भस्मासुर मोहित हो गया और उसने मोहिनी से विवाह करने की इच्छा व्यक्त की। मोहिनी रुप धारी भगवान विष्णु ने भस्मासुर के सामने शर्त रखी कि यदि वह नृत्य में मोहिनी को परास्त कर देगा तो मोहिनी भस्मासुर से विवाह कर लेगी।

मोहिनी की चुनौती को भस्मासुर ने स्वीकार कर लिया और मोहिनी के साथ नृत्य प्रारंभ किया। नृत्य करते करते भस्मासुर इतना तल्लीन हो गया कि उसे अपने हाथ की शक्ति का ध्यान ही नहीं रहा। जब मोहिनी ने देखा कि भस्मासुर नृत्य में पूरी तरह रम गया है और वह मोहिनी की प्रत्येक नृत्यमुद्रा की नकल कर रहा है,तह नाचते नाचते मोहिनी ने अपना हाथ अपने सिर पर रखा। उसे देखकर भस्मासुर ने भी ऐसा ही किया और वह उसी क्षण भस्म हो गया।

यह पौराणिक कथा जीवन्त हो जाती है,श्रीखण्ड कैलास की यात्रा में। देवाधिदेव महादेव का निवास कैलास पर्वत को माना जाता है। कैलास मानसरोवर के अलावा देश में चार और ऐसे पवित्र पर्वत है जिन्हे कैलास माना जाता है। और इस तरह इन्हे पंच कैलास कहा जाता है। पंच कैलास में कैलास मानसरोवर के अलावा मणि महेश कैलास,आदि कैलास, किन्नर कैलास और श्रीखण्ड कैलास पंच कैलास माने जाते है।

कैलास मानसरोवर की यात्रा के बाद मित्रों ने इसी बात का निश्चय किया था कि अब सभी पंच कैलास के दर्शन करना है। इससे पहले तक हम तीन कैलास पर्वतों के दर्शन कर चुके थे। कैलास मानसरोवर के अतिरिक्त मणि महेश कैलास और आदि कैलास की यात्रा कर चुके थे। अब बारी थी श्रीखण्ड कैलास की। श्रीखण्ड कैलास की यात्रा करने से पहले जब इस यात्रा की जानकारियां एकत्र की तो पता चला कि श्रीखण्ड कैलास तक पंहुचने का मार्ग अत्यधिक दुर्गम है।श्रीखण्ड कैलास समुद्र सतह से 18500 फीट की उंचाई पर स्थित है,जहां आक्सीजन की मात्रा बेहद कम हो जाती है और एक एक कदम चलना दूभर हो जाता है।







CamScanner

# GD Hospital
Multispeciality Healthcare Centre
Hospital Reg. No. NH/1985/JUN_2016

PRE ACCREDITED

GY Foundation
Serving Humanity For Life

## सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपलब्ध सर्जन व डॉक्टर



डॉ. लेखराज पाटीदार
(MBBS, MS
हड्डी रोग विशेषज्ञ)

**हड्डी रोग विशेषज्ञ**
घुटनों, कूल्हो व जोड़ों के दर्द एवं उसका निदान जैसे कमर दर्द, एडी का दर्द, रीढ़ की हड्डी का दर्द, गर्दन दर्द



डॉ. सिद्धार्थ शर्मा
न्यूरोसर्जन, MBBS, MS, MCH (AIIMS)

**मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ**
सिर दर्द, दौरा, चक्कर आना, सिर की चोट एवं ऑपरेशन, लकवा, दिमाग में खून जमना



डॉ. भरत कुमरावत
जनरल फिजिशियन
MBBS, MD

**हृदय एवं श्वास रोग विशेषज्ञ**
बुखार, खांसी, दमा, एलर्जी, निमोनिया, फेफड़ों में पानी भरना, हार्ट अटैक, हाईपर टेंशन एवं शुगर श्वास संबंधी रोग



डॉ. गौरव नाहर
यूरोलॉजिस्ट | MBBS, MS, DNB (UROLOGY)

**किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ**
गुर्दे की पथरी का दूरबीन से ऑपरेशन, गुर्दे की नली का दुरबीन से ऑपरेशन।
(आयुष्मान योजना में पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन दुरबीन द्वारा निःशुल्क)*

**हार्ट अटैक, हाईपर टेंशन एवं शुगर, श्वास संबंधी रोग, सिर की चोट (Head Injury) ब्रेनहेमरेज एवं लकवा, कीटनाशक एवं जहरीली दवाईयों के मरीजों का उपचार जहरीले जानवर का काट लेना, सांप बिच्छू आदि**

## कैशलेस अनुबन्धित सरकारी योजनाए/संस्थान

24/7 EMERGENCY SERVICES
24 घंटे 7 दिन
**ICU**
सुविधा उपलब्ध है

ESIC

भारतीय रेल

Dialysis, MRI, CT-Scan एवं सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है

**सभी प्रमुख बीमा कम्पनियों एवं आयुष्मान द्वारा कैश लेस उपचार की सुविधा उपलब्ध है***

SMART RUNWAL

*नियम एवं शर्तें लागू

**80, फीट रोड, जी.डी. हॉस्पिटल, रतलाम**
**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 97524-50505, 91110-13321**




CamScanner

श्रीखण्ड कैलास की यात्रा पर जाने के लिए रजिस्ट्रेशन भी करवाना पडता है। कैलास यात्रा के इच्छुक सभी साथियों ने यात्रा के प्रारंभ होते ही यात्रा शुरु करने का मन बनाया और आखिरकार हम चार मित्र श्रीखण्ड कैलास यात्रा पर जाने के लिए तैयार हो गए। सभी ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन भी करवा लिया। इस यात्रा में मेरे साथ दैनिक गुरु एक्सप्रेस मन्दसौर के संपादक आशुतोष नवाल,रतलाम के अधिवक्ता साथी दशरथ पाटीदार और प्रकाश राव पंवार तो थे ही,भटिण्डा पंजाब का हमारा पुराना यात्रा साथी आदित्य मेहन ने भी वहीं पंहुचने की स्वीकृती दे दी। श्रीखण्ड कैलास की दुर्गमता को देखते हुए शारीरिक तैयारियां भी शुरु कर दी गई,ताकि हम अत्यधिक उंचाई के इस क्षेत्र के अनुरुप स्वयं को ढाल सके।

हमारी यात्रा 10 जुलाई को रतलाम से मन्दसौर होते हुए प्रारंभ हुई। स्विफ्ट डिजायर गाडी में हम चारो मित्र अपना सामान लेकर मन्दसौर से चले तो एटलेन एक्सप्रेस वे और दिल्ली के वेस्टर्न पैरिफेरल एक्सप्रेस वे होते हुए दूसरे ही दिन हिमाचल प्रदेश की सीमा पर जा पंहुचे। श्रीखण्ड कैलास हिमाचल प्रदेश के मण्डी जिले में स्थित है। यहां पंहुचने के लिए मण्डी जिले के रामपुर बुशहर और वहां से निरमण्ड होते हुए जाओ गांव तक पंहुचना होता है। रामपुर बुशहर पंहुचने का छोटा रास्ता शिमला होकर है। यात्रा के तीसरे दिन हम रामपुर बुशहर पहुँच चुके थे। हमें अपनी पैदल यात्रा 14 जुलाई को प्रारंभ करना थी।

हम लोग तेरह जुलाई को रामपुर बुशहर और निरमण्ड होते हुए जाओ गांव पहुँच चुके थे। भटिण्डा का हमारा साथी आदित्य भी जाओ में ही हमें मिल गया। जाओ में गौरा माता का मन्दिर स्थित है। कहते है कि श्रीखण्ड महादेव की यात्रा प्रारंभ करने से पहले गौरा माता के दर्शन आवश्यक है। गौरा माता के दर्शन करने के बाद हम लोगों ने पैदल यात्रा के अपने बैग तैयार किए और 14 जुलाई रविवार को सुबह साढे छः बजे चल पडे श्रीखण्ड कैलास की यात्रा पर।

## बारह घण्टों में बारह किमी की यात्रा

श्रीखण्ड कैलास की यात्रा जाओ गांव से प्रारंभ होती तो मात्र तीन किमी चलने पर सिंह गाड आता है, जो कि श्रीखण्ड यात्रा का पहला बेस केम्प है। यहां पर यात्रियों के रजिस्ट्रेशन की जांच के साथ साथ स्वास्थ्य की भी जांच की जाती है। सिंहगाड से तीन किमी चलने पर बराठी नाला आता है। यहां पर कई लंगर लगाए जाते है। हालांकि जब हमने यात्रा प्रारंभ की तो हमारे साथ हिमाचल पुलिस के कुछ लोग थे,जो हमे एक नए रास्ते से लेकर गए। इस रास्ते पर चलने से हम सिंहगाड जाए बगैर ही सीधे बराठी नाले पर पहुँच गए।

हालांकि ये रास्ता बेहद संकरा और खतरनाक था,लेकिन हमने जैसे तैसे इस खतरनाक रास्ते को पार किया और बराठी नाले के एक लंगर पर पहुँच गए। लंगर पर चाय-पुड़ी का अल्पाहार करने के बाद हम आगे बढे। यहां से काली टाप की दूरी बारह किमी है और ये लगातार खडी चढाई का रास्ता है,जिसमें आपका हर कदम कम से कम एक फीट की उंचाई पर ही पडता है। जाओ से निकल कर बराठी नाले तक पहुँचने के बाद काली टाप तक की बारह किमी की दूरी एकसाथ तय करना हमारे लिए संभव नहीं था।

हमें बताया गया था कि हमें आगे पहुँचकर काली टाप से करीब तीन किमी पहले थाटी विल में रुकना चाहिए। हम बराठी नाले से आगे बढे। लगातार खडी चढ़ाई से दम फूल रहा था। दोपहर करीब तीन बजे हम खुम्बा नामक स्थान पर पहुँच गए। यहां एक दुकान थी, जहां ठहरने और भोजन की सुविधा उपलब्ध थी। हमने सोचा कि थाटीविल की बजाय यहीं रुका जाए, लेकिन पता चला कि खुम्बा में पानी उपलब्ध नहीं है। पहाड़ पर भी पेयजल का संकट देखकर बडा आश्चर्य हुआ। लेकिन अब आगे बढ़ने के अलावा और कोई रास्ता नहीं था। हम फिर चल पड़े।

थाटीविल पहुँचने तक हम लोग बुरी तरह पस्त हो चुके थे। हम शाम करीब 6.30 पर थाटीविल पहुँचे। हमने सुबह 6.30 पर







CamScanner

ई खबर टुडे
www.ekhabartoday.com

।। गुरु कृपा ही केवलम् ।।

।। नर्मदे हर ।। ।। नर्मदे हर ।।

ॐ Om Infrastructure GUPTANAND GREENS

## रतलाम शहर के मध्य

# GUPTANAND GREENS

**Near Sumangal Garden, Kasturba Nagar**
**Opp. Petrol Pump, RATLAM (M.P.)**



**किराये के घर पर न रहें निर्भर-रतलाम शहर के मध्य अपना प्लॉट लेकर बनें आत्मनिर्भर**

## अपने परिवार को दें खुशियों की चाबी

## आज ही बुक करें अपना प्लॉट

* नगर निगम हेण्डओवर कॉलोनी * पूर्णतया अप्रूव्ह कॉलोनी * TNCP स्वीकृत * रेरा रजिस्टर्ड * डायवर्शन * शासन द्वारा अप्रूव्ड

**सब कुछ आसपास ही** मेरिज गार्डन, जिम, पेट्रोल पम्प, कॉमर्स कॉलेज, हनुमान, हॉस्पिटल, श्री राम मंदिर, फायदा बाजार

### उपलब्ध सुविधाएँ

* भव्य आकर्षक प्रवेश द्वार * सी.सी. रोड * ब्राउण्ड्री द्वारा कवर्ड केम्पस * विकसित एवं भव्य गार्डन
* आकर्षक विद्युत पोल एवं आकर्षक डोम लाईट * पानी की टंकी (अण्डरग्राउण्ड व ओवरहेड)
* प्रत्येक प्लॉट तक लाईट एवं नल कनेक्शन * आर.सी.सी. ड्रेनेज लाईन * भव्य चौराहा एवं फाउण्टेन
* ओपन जीम एवं बच्चों के खेलने के झूले * गार्डन के अंदर बैठने की व्यवस्था।

एक बार अवश्य पधारिये




कस्तूरबा नगर, सुमंगल गार्डन के पास रतलाम में प्लॉट खरीदकर अनेकों ने किया अपने घर का सपना पूरा



* उपलब्ध प्लॉट साईज - 800 से 2474 Sq. Ft.
* सीमित प्लॉट उपलब्ध
* सभी प्रमुख बैंकों से लोन सुविधा

अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण यह सभी चित्र वास्तविक हैं




लोकेशन मेप




T&C Apply

ॐ Om Infrastructure GUPTANAND GREENS

**GUPTANAND GREENS**

**साइट : सुमंगल गार्डन के पास, कस्तूरबा नगर, पेट्रोल पंप के सामने, रतलाम**
**Call : 94251 03095, 62608 80955, 79996 06355, 79878 01177**



CamScanner

चलना प्रारंभ किया था और ठीक बारह घण्टों के बाद हम बारह किमी की दूरी पार करके थाटीविल पंहुच पाए थे। ये बारह घण्टों का सफर शरीर को पस्त कर चुका था। लेकिन अभी हमें बहुत आगे जाना था।

### कुंशा की बजाय भीम तलाव

थाटीविल के रास्ते में हिमाचल प्रदेश के यू–ट्यूबर बंटी हिमाचली से मुलाकात हुई। ललित ठाकुर हिमाचल के ही निवासी है और बंटी हिमाचली नाम से यू–ट्यूब चैनल चलाते है। उनके चैनल के दर्शकों की संख्या लाखों में है। बंटी हिमाचली हिमाचल प्रदेश के पहाडी क्षेत्रों की साहसिक यात्राओं के विडीयो अपलोड करते हैं, जिसे बहुत पसन्द किया जाता है। बंटी हिमाचली से मुलाकात हुई,तो उन्होने मेरा इंटरव्यू लिया। मैंने भी उनका इंटरव्यू लिया। बंटी हिमाचली ने ही हमें सलाह दी थी कि थाटीविल के बाद हमें कुंशा पहुँच कर रुकना चाहिए।

थाटीविल से काली टाप तीन किमी की दूरी पर है,लेकिन अब चढ़ाई और खतरनाक और खड़ी हो चुकी थी। रास्ते इतने संकरे थे कि सामने से आ रहे यात्रियों के कारण बार–बार जाम लगने लगता था। इन संकरे रास्तों पर एक बार में एक ही व्यक्ति चल सकता है। जब भी कोई सामने से आता है तो किसी एक यात्री को रुक कर किसी एक तरफ खड़ा होना पड़ता है, ताकि दूसरा व्यक्ति निकल सके।

कालीटॉप साढ़े बारह हजार फीट की उंचाई पर है। यहाँ आक्सिजन का स्तर बेहद कम हो जाता है। कालीटाप पर कालीमाता का छोटा सा मन्दिर भी है। प्रत्येक आने जाने वाला यात्रा यहां श्रद्धा से प्रणाम करता है और फिर आगे बढता है। कालीटाप सबसे ऊँची चोटी होने के कारण यहां से आसपास का नजारा बेहद खुबसूरत दिखाई देता है। ये नजारा यात्री की थकान को दूर कर देता है। हांलाकि हम मात्र तीन किमी. चलकर काली टाप पर पहुँच गए थे, इसलिए हमें तो कोई खास थकान भी नहीं थी। कालीटाप से ही सामने की पहाड़ी पर कुंशा का बेस केम्प नजर आता है।

कालीटाप पार करते ही बेहद तीखी ढलान से उतरना पडता है। तीखी ढलान चिकने पत्थरों वाली है,इसलिए फिसलने का डर लगातार बना रहता है। करीब तीन किमी तक लगातार खडी ढलान पर उतरने के बाद नीचे एक भण्डारा मौजूद था, जहां गर्मागर्म चाय पीने से सभी तरोताजा हो गए। लेकिन इस भण्डारे पर पंहुचकर भी अभी ढलान खत्म नहीं हुई थी। ढलान पार करते करते एक केम्प सा नजर आने लगा। पता चला कि ये भीम तलाब है, जहां यात्रियों के ठहरने के लिए टेण्ट व दुकानें हैं। कुंशा अभी भी काफी दूर है। भीम तलाब के इस केम्प के ऊपर की पहाडी पर भी केम्प नजर आ रहा था। बताया गया कि वह भी भीमतलाब ही है। हम नीचे रुकने की बजाय इस पहाडी पर चढ गए।

ऊपरी भीमतलाव पर पहुँचते–पहुँचते घड़ी तीन बजे का समय दिखाने लगी थी। सभी साथियों ने तय किया कि कुंशा जाने की बजाय आज की रात यहीं भीम तलाब में ही गुजारी जाए। भीम तलाव पर एक टेण्ट लेकर हम वहीं रुक गए।

### ग्लेशियरों के पार है भीम द्वार

काली टाप की चोटी से हमें कुंशा का केम्प नजर आ रहा था, वह यहां भीम तलाब से भी नजर आ रहा था। लेकिन कुंशा का केम्प सामने की पहाड़ी पर था और उस पहाड़ी पर पहुँचने के लिए हमें एक बर्फीले ग्लैशियर को पार करना था। रास्ते में कुछ पहाड़ी नाले भी थे, जिन्हे पार करके ही उस पहाड़ी पर पहुँचने का रास्ता था, जहां कुंशा का केम्प लगा हुआ था। भीम तलाव से आगे बढ़े। बर्फीले ग्लैशियर तक पहुँचने के लिए पहाड़ी पर काफी नीचे उतरना पड़ता है और तब फिसलन भरे बर्फीले ग्लैशियर के पास पहुँचते है। ग्लैशियर को पार करना भी रोमांचक अनुभव था। यहां ग्लैशियर पार करते हुए फोटो और विडीयो भी बनाए गए। पहाड़ की तीखी चढ़ाईयों और ढलानों को पार करते हुए हम








CamScanner

Happy Diwali










Right Place for Right People

# HOTEL GOLDEN TOWER

20/21, MHOW-NEEMUCH ROAD, RATLAM (M.P.)

M. 90095-26307, 98273-26307, 97522-20602

जल्दी ही कुंशा के केम्प पर पहुँच गए। लेकिन अब हम यहां रुकने की बजाय सीधे भीम द्वार तक पहुँचना चाहते थे।

भीमतलाव से कुंशा करीब पांच किमी की दूरी पर था,और यहां से भीम द्वार भी लगभग पांच किमी दूर था। हमें पहाडों पर चलते हुए आज तीसरा दिन था, इसलिए अब चलने में ज्यादा कठिनाई नहीं थी। कुंशा में चाय-नाश्ता करके आगे बढ़े। पहाड़ी रास्तों का आनन्द लेते हुए हम करीब दो बजे भीम द्वार पहुँच गए। हमारे भीम द्वार पहुँचते ही अचानक जोरदार बारिश शुरु हो गई। भीमद्वार पर यात्रियों की भारी भीड़ थी। सैकडों टेण्ट लगे हुए थे, लेकिन अधिकांश में यात्री भरे हुए थे। बड़ी मुश्किल से हमें एक टेण्ट मिल पाया, जिसमें हिमाचल के ही चार युवक पहले से मौजूद थे। उन युवकों ने व हमने भी अपने बैग टेण्ट में जमाए।

हम चाहते थे कि सीधे पार्वती बाग पहुँच जाए। पार्वती बाग यहां से वैसे तो सिर्फ दो किमी दूर है, लेकिन ये दो किमी बिलकुल खड़ी चढ़ाई का बेहद संकरा रास्ता है। हमें पता चला कि पार्वती बाग पर यात्रियों को रुकने की अनुमति नहीं है। केवल उन्ही यात्रियों को वहां रुकने की अनुमति दी जाती है, जिन्हें श्रीखण्ड कैलास के दर्शन कर लौटते वक्त काफी देर हो गई हो या स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई समस्या उत्पन्न हो गई हो। इसलिए हमें अब यहीं रुकना था और यहीं से श्रीखण्ड कैलास तक की यात्रा के लिए निकलना था।

### 14 किमी का सफर, 19 घण्टों तक लगातार ट्रैकिंग

भीमद्वार से श्रीखण्ड कैलास की दूरी वैसे तो सात किमी है, लेकिन पूरी यात्रा का सबसे कठिन हिस्सा यही है। भीमद्वार से पहले दो किमी की बिलकुल खडी चढ़ाई पार करके पार्वती बाग पहुँचना होता है। पार्वती बाग से नैन सरोवर होकर कई बर्फीले ग्लेशियरों को पार करके श्रीखण्ड कैलास के दिव्य दर्शन प्राप्त होते हैं। लेकिन रास्ते की कठिनाई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 14 किमी का रास्ता पार करने के लिए 19 घण्टो से ज्यादा वक्त लग जाता है।

भीमद्वार से श्रीखण्ड कैलास की यात्रा आमतौर पर यात्री आधी रात को ही प्रारंभ कर देते है। हमें भी यही सलाह दी गई थी कि हम रात एक बजे यात्रा प्रारंभ कर दें। जब हम भीम द्वार पहुँचे थे,उस वक्त बारिश शुरु हो गई थी। हम भाग्यशाली थे कि जब बारिश शुरु हुई हम टेण्ट में पहुँचकर सुरक्षित हो गए थे। रात एक बजे यात्रा प्रारंभ करना थी, इसलिए जल्दी सोकर रात साढे बारह बजे जागना था, ताकि हम नित्यकर्म से निवृत्त होकर डेढ़ बजे यात्रा शुरु कर सकें। इसके लिए शाम सात बजे ही भोजन कर लिया और तुरंत सोने की कोशिश करने लगे। प्रतिदिन की आदत देर से सोने की है, इसलिए इतनी जल्दी नींद आ नहीं सकती। जैसे-तैसे करवटें बदलते रहे और खुद को आने वाली कठिन यात्रा के लिए तैयार करते रहे।

रात साढे बारह बजे जब उठे तब किस्मत ने साथ दिया। आसमान साफ था। जबर्दस्त अंधेरा छाया हुआ था। हम सभी के पास हेडटार्च थे, जिनकी रोशनी में हमें अपना आगे का सफर पूरा करना था। सामने की पहाडी पर हजारों जुगनू चमकते हुए नजर आ रहे थे। ये जुगनू नहीं थे, बल्कि श्रीखण्ड यात्रा पर निकल पडे यात्रियों के टार्च की रोशनी थी,जो जुगनूओं का एहसास करवा रही थी। अपने बैग में पानी की बोटलें रखकर हम निकल पड़े, श्रीखण्ड कैलास के दर्शनों के लिए।

भीमद्वार से निकलते ही एकदम खड़ी चढ़ाई। दो किमी की खड़ी चढ़ाई को पार करने में हमें करीब तीन घण्टे लगे। हमने ठीक डेढ बजे चलना प्रारंभ किया था व करीब साढे चार बजे हम पार्वती बाग के केम्प पर पहुँच चुके थे। पार्वती बाग पर तैनात पुलिसकर्मी, आगे जाने वालों की जानकारियां दर्ज कर रहे थे और रजिस्ट्रेशन चेक कर रहे थे। ये औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आगे बढे।

आक्सीजन का स्तर बेहद कम हो चुका था और अब पहाडों पर घास के तिनके तक नजर नहीं आ रहे थे। वनस्पतियों को पनपने के लिए भी आक्सीजन की आवश्यकता होती है। जहां आक्सीजन का स्तर बेहद कम हो जाता है वहाँ घांस भी नहीं उगती। अब पहाड पूरी तरह पथरीले हो चुके थे और बड़े-बड़े पत्थरों पर चढ़कर आगे बढ़ना था। करीब डेढ किमी की दूरी तय करने के बाद नैन सरोवर आता है। यहां श्रद्धालु यात्री पूजा-पाठ करते है। नैन सरोवर के बाद श्रीखण्ड कैलास तक रास्ते में कहीं पीने का पानी भी नहीं मिलता। इसलिए यात्रियों को सलाह दी जाती है कि अपने साथ पानी की दो बोटलें रखें।

### चमत्कारिक भीम लिपि और श्रीखण्ड कैलास के दिव्य दर्शन

नैन सरोवर के आगे का रास्ता और भी कठिन है। बीस-बीस फीट उंचाई वाले पत्थरों से भरे रास्ते पर चढ़ना होता है। कई जगह तो अगला कदम तीन-तीन फीट की ऊंचाई पर रखना पडता है। इसके लिए पैरों के साथ साथ हाथों का सहारा लेना भी जरुरी हो जाता है। प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए पत्थरों पर रस्सीयां बांध रखी थी, जिसका सहारा लेकर यात्री किसी तरह ऊपर चढ़ पा रहे थे। रास्ते की कठिनाई श्रीखण्ड कैलास के पास आते-आते और बढ़ने लगती है। पत्थरों वालें रास्ते के बाद बर्फीले ग्लैशियरों को पार करना बेहद कठिन है। तिरछी पहाडी ढलान जब पूरी तरह बर्फ से ढंकी हो तो उसे पार करते समय फिसलने का सबसे ज्यादा खतरा होता है। एसडीआरएफ ने यात्रियों की सुविधा के लिए ग्लैशियरों पर भी रस्सी बांधी हुई थी, वरना ना जाने कितने यात्री इन ग्लैशियरों से फिसल कर हजारों



CamScanner

।। श्री गणेशाय नमः ।।

## दीपावली एवं नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ

# BS INFASTRUCTURE




**नोट-टंन की प्रोजेक्ट, किए जाते है नियम व शर्तों के साथ**

**आरएमसी प्लान्ट एवं कांक्रीट प्लान्ट स्वयं का उपलब्ध**

**Mob. 81201-85558, 76920-18146, 88895-61234**

खबर टुडे
www.ekhabartoday.com

फीट गहरी खाई में समा चुके होते।

इन्ही खतरनाक रास्तों पर चलने के दौरान अचानक भीम लिपि के आश्चर्यजनक विशाल पत्थर नजर आने लगते है। कहते हैं कि इन पत्थरों पर भीम ने किसी विशेष लिपि में कुछ लिखा था, जिन्हें आज तक पढ़ा नहीं जा सका है। लेकिन इतनी ऊंचाई पर इतने विचित्र किस्म के पत्थर, जिन पर विशेष आकृतियां अंकित है,दिखाई देना बहुत बड़ा चमत्कार ही है। भीम लिपि के पत्थर काफी दूर से नजर आते है, आमतौर पर श्रद्धालु यात्री इन्हें दूर से ही देखते हैं। लाखों में कोई एक यात्री ऐसा होता होगा जो इन पत्थरों को पास से देखने के लिए इनके पास तक जाता हो।

रस्सियों के सहारे इन खतरनाक ग्लैशियरों को पार करने के बाद अचानक से सामने पहली झलक मिलती है,श्रीखण्ड कैलास की। जैसे ही श्रीखण्ड कैलास की पहली झलक नजर आती है प्रत्येक श्रद्धालु यात्रा के सारे दुख-दर्द भूल जाता है। श्रीखण्ड कैलास 72 फीट ऊंचे स्वयंभू शिवलिंग के रुप में विराजित हैं। ये वही महादेव हैं, जो भस्मासुर से बचने के लिए शिवलिंग के रुप में परिवर्तित हो गए थे।

जिस पहाडी पर श्रीखण्ड कैलास विराजित है,वह पर्वत इस पूरे क्षेत्र का सबसे ऊंचा पर्वत है, इसलिए जैसे ही श्रीखण्ड कैलास के पास पहुँचते हैं, आसपास के सारे पहाड़ नीचे नजर आते हैं और इन पहाड़ों पर छाए हुए बादलों के कारण यात्री को ऐसा महसूस होता है, जैसे साक्षात् स्वर्गलोक में प्रवेश हो गया हो। कई श्रद्धालुओं के तो श्रीखण्ड कैलास के दर्शन होते ही आनन्दातिरेक से आंसू निकलने लगते हैं। श्रद्धालु यात्री 'ओम नमः शिवाय' और 'हर-हर महादेव' के नारे लगाने लगते हैं। श्रीखण्ड कैलास के दर्शनों से मन ही नहीं भरता लेकिन यहां तैनात एसडीआरएफ के कर्मचारी श्रद्धालुओं को तुरंत वापस रवाना करने लगते हैं। दोपहर बारह बजे के बाद श्रद्धालुओं को यहां से नीचे के लिए रवाना कर दिया जाता है।

### कम खतरनाक नहीं है वापसी का सफर

श्रीखण्ड कैलास तक पहुँचना जितना कठिन है, वापसी का सफर उससे किसी भी हाल में कम खतरनाक नहीं है। बल्कि कुछ मायनों में तो वापसी का सफर अधिक खतरनाक है। यही वजह है कि वापसी के सफर में काफी समय लगता है। दोपहर बारह साढ़े बारह बजे वापसी का सफर शुरु होता है तो उसकी समाप्ति आठ या नौ बजे भीमद्वार पर पहुँचकर हो पाती है। यानी वापसी में भी कम से कम आठ घण्टे तो लग ही जाते हैं। श्रीखण्ड महादेव के दर्शन करने के बाद जब यात्री अपने टेण्ट में पहुँचते है, तब तक वे लगातार 19 घण्टो तक चल चुके होते हैं।

इतनी कठिन यात्रा के बाद यात्री थक कर निढाल हो चुके होते हैं और उनके सामने गहरी नींद निकालने के अलावा कोई और चारा नहीं होता। भीमद्वार में पूरी रात गहरी नींद लेने के बाद अब वापसी की यात्रा शुरु होती है। वापसी की यात्रा में यात्रा की गति बढ़ जाती है। लगातार चार-पांच दिन पहाडों पर चल चुकने के बाद यात्री अनुभवी हो चुका होता है और उसकी गति बढ़ जाती है। वापसी में भी दो रात बीच में रुकने के बाद यात्री जाओ पहुँचते हैं। हमारा दल भी यात्रा के छठे दिन जाओ गांव पहुँच गया। जाओ पहुँचकर हमने तुरंत वहाँ से निकलने की योजना बनाई।

हमें बताया गया कि यहाँ से मात्र 15 किमी की दूरी पर बागा सहरन नामक अत्यन्त सुन्दर स्थान है। हमने वहीं पहुँचने की योजना बनाई और गाडी में सामान पैक करके बागा सहरन पहुँच गए। बागा सहरन चारों और ऊंची पहाड़ियों से घिरा घांस का बड़ा मैदान है, जिसे बुग्याल कहा जाता है। बागा सहरन में अनेक लोग आनन्द लेने आते है। बागा सहरन में रात्रि विश्राम के बाद अगली सुबह हम चल पडे अपनी वापसी की यात्रा पर।

वापसी में निरमण्ड से शिमला होते हुए हम सीधे रतलाम के लिए चल पड़े। शानदार एक्सप्रेस-वे और नेशनल हाईवे की यात्रा करते हुए हम दो ही दिन में मन्दसौर पहुँच गए। जहाँ हमारे संपादक साथी आशुतोष नवाल जी को बिदा करने के बाद हम लोग रतलाम के लिए रवाना हो गए। 10 जुलाई 2024 को रतलाम से शुरु हुई हमारी यात्रा 22 जुलाई 2002 को रतलाम पहुँच कर समाप्त हुई। और इस यात्रा के साथ हम पंच कैलास में चार कैलास पर्वतों के दिव्य दर्शन कर चुके है और अब केवल एक 'किन्नर कैलास' के दर्शन शेष हैं और महादेव की कृपा से हम जल्दी ही 'किन्नर कैलास' के दर्शन भी प्राप्त कर सकेंगे। ऐसा विश्वास है।

HAPPY DEEPAWALI



For Quality Construction
KK Constructions
Kireet Kumawat
25/26, Vedvyas Colony, Ratlam (M.P.)
Mob. 9893410390, 9770298029

खबर टुडे
www.ekhabartoday.com

दीपावली एवं नववर्ष की
हार्दिक शुभकामनाएँ

दलीचंद नानालाल से सम्बन्धित

# इन्दरमल समरथमल

पेन्ट, वार्निश के व्यापारी

चाँदनी चौक, रतलाम (म.प्र.)

अधिकृत विक्रेता

asianpaints | ICA Pidilite | Dulux | Berger | NIPPON PAINT | IS PAINTS RATLAM-457-001

# रतनलाल समरथमल

डीलर : TATA व प्रकाश सूर्या स्टील ट्यूब्स, पाईप फिटिंग, SSP व SHAKTI सबमर्सिबल पम्प, केसिंग पाईप R.R. CABLES & FINOLEX केबल व GYPSUM बोर्ड (SAINT GOBAIN)

74, चाँदनी चौक, रतलाम (म.प्र.) 457001 * फोन 231148, 231149, फैक्स 07412-231149

# आई.एस. पेन्ट्स

IS PAINTS RATLAM-457-001

रानी ब्राण्ड पेन्ट्स के निर्माता

72, सुतारों का वास, रतलाम (म.प्र.) मो. 94251-95341

ई खबर टुडे
www.ekhabartoday.com

# अज्ञानता को ज्ञान के दीप से....



- अमित राव पवार
देवास (म.प्र.)

